08/06/2026

आकाशवाणी ईटानगर

आकाशवाणी के आज नब्बे साल पूरे हो रहें है। आठ जून उन्नीस सौ छत्तीस को ही 'इंडियन स्टेट ब्रॉडकास्टिंग सर्विस' का नाम बदलकर 'ऑल इंडिया रेडियो' (AIR) रखा गया था। यह दिन देश के सांस्कृतिक, सूचना और प्रसारण इतिहास में एक खास पल है, जब एक ऐसी आवाज़ ने जन्म लिया जो पीढ़ियों तक गूंजती रही। आज़ादी के बाद AIR का तेज़ी से विस्तार हुआ और उन्नीस सौ छप्पन में इसने 'आकाशवाणी' नाम अपनाया। आज आकाशवाणी पांच सौ इक्यानबे स्टेशन चलाती है, जो भारत की अट्ठानबे प्रतिशत आबादी तक पहुँचते हैं और तेइस भाषाओं व एक सौ छियालीस बोलियों में प्रसारण किए जाते हैं। आकाशवाणी का 'एक्सटर्नल सर्विसेज़ डिवीज़न' सौ से ज़्यादा देशों में प्रसारण करता है, जिससे भारत की आवाज़ दुनिया भर में पहुँचती है और विदेशों में बसे भारतीयों से जुड़ाव बनता है।

0000000000000000000000000

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने NEET-UG 2026 की री-इक्ज़ाम के लिए इक्ज़ाम सिटी इंटीमेशन स्लिप जारी कर दी है, परिक्षा इस महीने की इक्कीस तारीख को होनी है।

यह परीक्षा पेन-एंड-पेपर मोड में दोपहर दो बजे से शाम पांच बजकर पंद्रह मिनट तक भारत के पांस सौ इक्यावन शहरों और विदेश के चौदह शहरों में आयोजित की जाएगी। NTA ने साफ़ किया है कि इक्ज़ाम सिटी इंटीमेशन स्लिप एडमिट कार्ड नहीं है और इसे सिर्फ़ उम्मीदवारों को उस शहर के बारे में जानकारी देने के लिए जारी किया जा रहा है जहाँ उनका परीक्षा केंद्र होगा। मेडिकल कोर्स में एडमिशन के लिए NEET-UG परीक्षा गत तीन मई को हुई थी, लेकिन पेपर लीक के आरोपों के बीच इसे बरह मई को ही रद्द कर दिया गया था। CBI अभी इस मामले की जांच कर रही है।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश धर्म की स्वतंत्रता अधिनियम (APFRA), उन्नीस सौ अट्ठासी के नियमों का मसौदा तैयार करने के लिए बनाई गई हाई-पावर्ड कमिटी ने राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट और सिफारिशें सौंप दी हैं। मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने कमिटी के चेयरमैन, जस्टिस (रिटायर्ड) ब्रोजेंद्र प्रसाद कोतोकी और सभी सदस्यों को इस काम को पूरा करने में उनकी प्रतिबद्धता और समर्पित प्रयासों के लिए बधाई और धन्यवाद दिया। उन्होंने पूरी प्रक्रिया के दौरान गृह राज्य मंत्री मामा नातुङ, विधायक बालो राजा और कैंतो जिनी के नेतृत्व और सक्रिय भागीदारी के लिए उनके योगदान की भी सराहना की।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश की एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए बीजेपी उम्मीदवार ताई तागाक ने आज राज्य विधानसभा में अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री पेमा खांदू, उपमुख्यमंत्री चौना मेन, राज्य भाजपा अध्यक्ष कालिङ मोयोङ, पार्टी के राज्य प्रभारी अशोक सिंघल, पार्टी के वरिष्ठ नेता और समर्थक मौजूद रहें। मुखयमंत्री ने कहा कि श्री तागाक का व्यापक अनुभव, राज्य की गहरी समझ और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उन्हें राज्यसभा में अरुणाचल प्रदेश की एक मज़बूत आवाज़ बनाएगी।

0000000000000000000000000

'डिजिटल अरुणाचल' के विज़न को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, अरुणाचल प्रदेश सरकार ने आज **'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस' (AI CoE)** की स्थापना के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (NIT) अरुणाचल प्रदेश के साथ एक MoU पर हस्ताक्षर किए। यह MoU IT और कम्युनिकेशन सेक्रेटरी डॉ. सोनल स्वरूप की मौजूदगी में **'स्टेट काउंसिल फॉर IT एंड ई-गवर्नेंस' (SCITeG)** और NIT अरुणाचल प्रदेश के बीच हस्ताक्षर किया गया। इस समझौते पर NIT के डायरेक्टर प्रो. एम.वी. अवारे और SCITeG के डायरेक्टर-सह-मेंबर सेक्रेटरी नीलम यापिन ताना ने हस्ताक्षर किए।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत 'इंडिया AI' के सहयोग से बनने वाला यह AI CoE, पूरे राज्य में रिसर्च, इनोवेशन, स्किल डेवलपमेंट, स्टार्टअप्स और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के लिए एक हब के तौर पर काम करेगा।

000000000000000000000000

पिछले कुछ दिनों में भारी बारिश के कारण अपर सुबनसिरी जिले के गीबा सर्कल में कई स्थानों पर भूस्खलन और सड़कें ढह गई हैं, जिससे पांच हज़ार से अधिक की आबादी वाले बीस से अधिक गांव अलग-थलग पड़ गए हैं। पुते और लूची-लुते को जोड़ने वाली PMGSY सड़क कथित तौर पर बह गई है, जिससे परिवहन, आपातकालीन चिकित्सा पहुंच और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। इस बीच गीबा ZPM मायुम दोबिन ने कहा कि मामला पहले ही संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में लाया जा चुका है और उम्मीद जताई कि सड़क संपर्क बहाल करने और प्रभावित ग्रामीणों को राहत प्रदान करने के लिए त्वरित कदम उठाए जाएंगे।

000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज अरुणाचल प्रदेश के पांच ज़िलों तवाङ, कुरुङ कुमे, क्रा-दादी, दिबाङ वैली और आंजाव को छोड़ अन्य सभी ज़िलो के लिए अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के

साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000000

छात्र-छात्राओं में शिक्षा, जेंडर इक्वालिटी, मानसिक स्वास्थ्य, करियर के मौकों, सामाजिक जिम्मेदारियों, कानूनी जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और वित्तीय साक्षरता जैसे अहम मुद्दों पर जागरूकता को बढावा देने के उद्देश्य से, 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' पहल के तहत, आज तवांग के गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल ऑडिटोरियम में युवा और किशोर छात्र-छात्राओं के लिए लैंगिक समानता पर एक व्यापक करियर काउंसलिंग और ट्रेनिंग प्रोग्राम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन तवांग के शिक्षा विभाग ने सूचना और जनसंपर्क विभाग, तवांग के साथ मिलकर सूचना और प्रचार कार्यक्रम के तहत किया था।

0000000000000000000000000